ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य
धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्

# बाल संस्कार शाला

(समस्त क्रांतियों का आधार बाल संस्कार)

## श्री दान कुँवरि इण्टर कॉलेज
## आँवलखेड़ा, आगरा



Dr. Mamta Sharma
Principal
Email: dr.mamtasharma1@gmail.com

# श्री दान कुँवरि इण्टर कालेज में संचालित बाल संस्कारशालाऐं

## 15 गाँव में 33 बाल संस्कारशालाए संचालित

| क.सं. | बाल आचार्य का नाम | पिता का नाम | कक्षा | गॉव | विद्यार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आकॉक्षा कुमारी | दामोदर सिंह | 11 | ऑवलखेड़ा | 14 |
| 2 | उज्जवल शर्मा | श्याम विहारी शर्मा | 12 | ऑवलखेड़ा | 7 |
| 3 | गौरी शर्मा | राजीव कुमार शर्मा | 9 | ऑवलखेड़ा | 20 |
| 4 | खुशबू | सोमवीर | 11 | ऑवलखेड़ा | 20 |
| 5 | सपना कुशवाह | दिनेश | 11 | ऑवलखेड़ा | 15 |
| 6 | सचिन | रामबाबू | 11 | औवल खेड़ा | 7 |
| 7 | शैलेन्द्र सिसौदिया | कोमल सिंह | 11 | ऑवलखेड़ा | 45 |
| 8 | कामिनी | खिलौना | 11 | न.दयाली (खाण्डा) | 15 |
| 9 | क्षमा यादव | त्रिपुरारी | 11 | खाण्डा | 15 |
| 10 | नीलम कुशवाह | रामवीर कुशवाह | 11 | खाण्डा | 10 |
| 11 | खुशबू | चन्द्रपाल | 11 | खाण्डा | 12 |
| 12 | सरस्वती यादव | सोपाल सिंह | 11 | खांण्डा | 10 |
| 13 | करन कुमार | रनवीर सिंह | 11 | खॉण्डा | 42 |
| 14 | उपदेश चौहान | देवेन्द्र सिंह | 12 | चौकड़ा | 12 |
| 15 | अवनीश | बैनीराम | 11 | चौकड़ा | 10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | अतुल | राजीव कुमार | 12 | चौकड़ा | 12 |
| 17 | अमित परमार | जय सिंह | 11 | उस्मानपुर | 7 |
| 18 | शिवानी | नाहरसिंह | 11 | उस्मानपुर | 16 |
| 19 | पूनम | यशपाल सिंह | 11 | उस्मानपुर | 15 |
| 20 | सरिता | संजय कुमार | 11 | गढी फौजी | 20 |
| 21 | खुशी | दिनेश | 11 | गढी फौजी | 25 |
| 22 | नितिन कुमार | कृष्ण मुरारी | 9 | गढी फौजी | 10 |
| 23 | ज्ञानवती | केन्द्रपाल | 12 | परिहार | 25 |
| 24 | चन्द्रवती | दामोदर सिंह | पुरातन छात्र | परिहार | 30 |
| 25 | सेनिया चौधरी | दिगम्बर सिंह | 9 | गढ़ी डहर | 10 |
| 26 | दीप शिखा रावत | मुकेश रावत | 11 | महावत पुर | 11 |
| 27 | अवधेश चौहान | महाराज सिंह | 11 | गढ़ी रामबक्श | 11 |
| 28 | सिंद्धार्थ चौहान | श्यामनाथ सिंह | 12 | रूपधनूं | 12 |
| 29 | बबली | लखन सिंह | 11 | शेरखॉ | 7 |
| 30 | अंचल | पुष्पेन्द्र | 11 | शेरखॉ | 5 |
| 31 | शिवानी | राम कुमार | 9 | नयावास | 25 |
| 32 | वन्दना यादव | चन्द्रपाल सिंह | 11 | पैसई | 10 |
| 33 | महक | श्री कैलाश कुमार | 11 | बहराम पुर | 10 |

# श्री दान कुँवरि इण्टर कालेज द्वारा संचालित बाल संस्कारशालाओं में प्रधानाचार्य द्वारा निरीक्षण

| क.सं. | बाल आचार्य का नाम | कक्षा | गॉव | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ज्ञानवती | 11 | परिहार | 25 अक्टूवर 2019 |
| 2 | सिंद्धार्थ चौहान | 11 | रूपधनूं | 5 नवम्बर 2019 |
| 3 | अतुल, बैजनाथ | 12 | चौकड़ा | 25 नवम्बर 2019 |
| 4 | अनीस चौहान | 11 | नयावास | 27 नवम्बर 2019 |
| 5 | शिवानी | 9 | नयावास | 29 नवम्बर 2019 |
| 6 | रंजीत | 12 | खड्गपुर | 14 दिसम्बर 2019 |
| 7 | शीतल चौधरी ,पुष्पेन्द्र चौधरी | 12 | गढ़ी डहर | 14 दिसम्बर 2019 |
| 8 | अरूण चौहान | 12 | उस्मानपुर | 22 जनवरी 2020 |
| 9 | सिंद्धार्थ चौहान | 12 | रूपधनूं | 23 दिसंबर 2020 |
| 10 | कामिनी | 11 | न.दयाली (खाण्डा) | 24 दिसंबर 2020 |
| 11 | करन कुमार | 11 | खॉण्डा | 24 दिसंबर 2020 |
| 12 | खुशबू | 11 | खाण्डा | 24 दिसंबर 2020 |
| 13 | क्षमा यादव | 11 | खाण्डा | 13 फरवरी 2021 |
| 14 | दीप शिखा रावत | 11 | महावतपुर | 02 मार्च 2021 |

## बाल संस्कारशाला – प्रशिक्षण

विद्यालय मे छात्र–छात्राओं कों प्रोजेक्टर द्वारा श्री भरत पटेल प्रशिक्षक गायत्री शक्तिपीठ, आंवलखेडा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



# संस्कार ही है आपके जीवन का मूल आधार

**प्रधानाचार्य , डा॰ममता शर्मा**

आगरा, 15 नवंबर 2018 दैनिक जागरण

## संस्कार ही है आपके जीवन का मूल आधार

जागरण संस्कारशाला अच्छाई की समझ
www.jagransanskarshala.com

कौन व्यक्ति कैसा है, इसकी पहचान उसके रंग, रूप, जाति नहीं वरन उसके संस्कार से होती है। संस्कार ऊंचे हों तो वह छोटा होकर भी उच्च आदर्श स्थापित करता है। संस्कार निम्न हैं तो उसका ऊंचे कुल में जन्म लेना भी व्यर्थ। इसलिए नजरिया बदलना होगा। सही नजरिये के लोग चमड़ी के रंग या फैशन पर ध्यान नहीं देते। वह गुण और संस्कारों को महत्व देते हैं। जीवन संस्कारों से ही संतुलित, सुखी और व्यवस्थित होता है।

लोगों की पहचान करनी है, तो उनके संस्कारों को जानें। संस्कार ही उनका सही मूल्यांकन कराता है। संस्कार ही जीवन की नींव, जीने की संस्कृति, व्यक्ति की मर्यादा और गरिमा है। संस्कारों ने व्यक्ति को सदा सुखी किया और जो संस्कारों को महत्व नहीं देते, उन्हें पछताना पड़ता है। संस्कारों का व्यक्ति के साथ ऐसा संबंध है, जैसा जल का जमीन से। व्यक्ति जो कुछ है, करता है, वह सब उसके जन्म और पूर्व जन्म के संस्कारों का परिचायक है। जो कहता है उसके पीछे पूर्व व वर्तमान संस्कार होते है। महावीर में जन्म जन्मांतर से संन्यास के संस्कार थे। यौवनकाल आने पर उनके माता पिता ने सन्यास लेने से मना किया लेकिन उन पर पूर्व जन्म के संस्कार प्रभावी रहे।



डॉ. ममता शर्मा, प्रधानाचार्य श्रीदान कुंवरि इंटर कॉलेज आवंलखेड़ा

राम का जीवन आदर्श है। उनमें संस्कार तो थे ही, संगत भी अच्छी थी। संस्कार और संगत मिलने से ही अच्छे संस्कार मिलते हैं और व्यक्ति महान हो जाता है। पिता वह है जो संतान को सही संस्कार दे। संस्कार देने वाले माता-पिता गुरु का दायित्व निभाते हैं।

आध्यात्मिक दर्शन का मानना है कि व्यक्ति के कर्म उसकी आत्मा के साथ जुड़े हैं। उन्हीं से पुर्नजन्म होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति कर्म रूपी संस्कार लेकर जन्म लेता है। यही उसका स्वभाव और प्रकृति है। भारत में पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ा है। हम स्वयं को शक्तिशाली बनाने एवं दिखने को ही जीवन की सच्चाई मान बैठे हैं। हमने तिनका-तिनका जोड़कर जहां परिवार बनाया, अब वही बिखरने पर उतारू है। इससे भोगवाद पनप रहा है। भारत एक आदर्श देश है। विश्व में भारत का अपना अलग स्थान है। सबसे हटकर इस देश का अलग अस्तित्व है, क्योंकि यहां संस्कार और त्याग का महत्व है।

# बाल संस्कारशाला –पोस्टर लॉच

पं॰ श्री राम शर्मा आचार्य जी की जन्मजयन्ती समारोह के अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित–
माननीय सांसद प्रो॰ एस॰पी॰सिंह बघेल,
माननीय विधायक श्री राम प्रताप सिंह चौहान,
जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रवीन्द्र सिंह (दि॰20–09–2019)








## विद्यालय में बाल संस्कार शाला चलाने वाली छात्र छात्राओं को मार्गदर्शिका पुस्तक की वितरण



बरहन। आँवलखेड़ा स्थित दान कुँवरि इंटर कॉलेज में सोमवार को बाल संस्कार साला हेतु अभिभावकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक व समाजसेवी मौजूद रहे।विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बाल संस्कार शाला में महत्व को समझाया इस कार्य में लगे बच्चों का सहयोग करने का आश्वासन मांगा वहीं अभिभावकों को भी छात्र छात्राओं के साथ सहयोग करने को कहा गया । लगभग 15 गांव में सफलतापूर्वक चलने वाली बाल संस्कार शाला के लोगों ने इस को सराहनीय कदम बताया। विद्यालय परिसर में प्रतिमाह जागरूकता संबंधी कार्यक्रम अक्सर किए जाते हैं जिन पर समाजसेवियों तथा प्रतिष्ठित लोगों को विशेष रुप से मुख्य अतिथि के रुप में बुलाया जाता है आयोजन में प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा, रोबिन सिंह, बृजेश्वर उपाध्याय , धरवेंद्र यादव, शैलेंद्र चौधरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

**बाल संस्कार शाला गाँव परिहार में–**

विद्यालय की कक्षा 11 वीं की छात्रा ज्ञानवती द्वारा गत दो वर्षों से अपने गॉव में बाल संस्कार शाला चलाई जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा गॉव परिहार जाकर छात्रा को सम्मानित एंव प्रोत्सहित किया गया। **25 अक्टूबर 2019**






# छात्राओं ने संस्कारशाला के तहत बच्चों को दिया प्रशिक्षण

## प्रधानाचार्या ने छात्रा कु. ज्ञानवती को किया सम्मानित

वरदान संवाददाता


आगरा, आवलखेड़ा। शुक्रवार को श्री दान कुंवरि इंटर कॉलेज आवलखेड़ा की छात्राओं ने छोटे-छोटे बच्चों को शैक्षिक अनुदान, बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक, विकास का प्रशिक्षण दिया। जानकारी के अनुसार श्री दान कुंवरि इंटर कॉलेज की 11 वीं की छात्रा कुमारी ज्ञानवती ने खंदौली ब्लॉक के ग्राम परिहार, में गायत्री शक्तिपीठ विद्यालय की सहायता से बाल संस्कार शाला के तहत शैक्षिक अनुदान बौद्धिक शारीरिक मानसिक विकास पर छोटे-छोटे बच्चों को जानकारी दी। साथ ही श्री दान कुंवरि इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा ने गाँव परिहार जाकर छात्रा कु. ज्ञानवती को सम्मानित किया। साथ ही कु ज्ञानवती छात्रा से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को केले वितरित किए गए। इस दौरान प्रवीण कुमार शर्मा, रामबाबू शर्मा, धर्मेंद्र यादव, भरत गौतम, बृजेश्वर उपाध्याय, उमाकांत शर्मा, जानकी देवी आदि उपस्थित रहे।

## बाल संस्कार शाला गाँव रूपधनू में–

विद्यालय के कक्षा 11 वीं के छात्र सिद्धार्थ द्वारा अपने गॉव में गत वर्ष से बाल संस्कारशाला संचालित की जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गांव रूपधनू जाकर अपने संबोधन में कहा कि संस्कारित समाज सुदृण समाज होता है यदि नागरिक संस्कारित हो जांए तो समाज में बहुत सी समस्याएं स्वतःही समाप्त हो जायगीं। गॉव में बच्चों को प्रोत्साहन हेतु टॉफी और केले वितरित किये।

**5 नवम्बर 2019**



### विद्यार्थियों को किया संस्कारित

आंवलखेड़ा के दान कुंवरि इंटर कॉलेज में संस्कार शाला में भाग लेते छात्र-छात्राएं • जागरण

**संवाद सूत्र, बरहन:** दान कुंवरि इंटर कॉलेज, आंवलखेड़ा में संस्कार शाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनके संस्कारों के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता शर्मा ने कहा कि बच्चों को आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्शों को भी परिचित कराया जाता है। संस्कारशाला का का संचालन सिद्धार्थ चौहान, उपदेश कुमार, उज्वल सिंह ने किया। शिक्षक रॉबिन सिंह, रामबाबू शर्मा, बृजेश्वर उपाध्याय, शशिकांत शर्मा, जानकी देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बाल संस्कारशाला गाँव चौकड़ा में

विद्यालय के 12वीं के छात्र बैजनाथ एवं 11वीं के छात्र अतुल,उपदेश द्वारा अपने गॉव में पिछले तीन वर्ष से बाल संस्कारशाला चलाई जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गॉव जाकर अपने संवोधन में समाज को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया एंव बच्चों को मिठाई और फल वितरित किये। **25 नवम्बर 2019**

# संस्कार की पौध तैयार कर रहा इंटर का छात्र

संवाद सूत्र, बरहन: इंटरमीडिएट का छात्र चौकड़ा गांव में ग्रामीण बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रयासरत है। वह नित्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संस्कार दे रहा है।

पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की जन्मस्थली आंवलखेड़ा स्थित दानकुंवरि इंटर कालेज के इंटर के छात्र और चौकड़ा निवासी बैजनाथ व अतुल चौहान पिछले तीन वर्ष से गांव के बच्चों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संस्कारशाला का पाठ पढ़ा रहे हैं। वह बच्चों को योग सहित भारतीय संस्कृति की पहचान करा रहे हैं। शनिवार को संस्कारशाला में बैजनाथ और अतुल चौहान का उत्साहवर्धन के लिए कालेज प्राचार्या डॉ. ममता शर्मा शिक्षकों के साथ पहुंचीं। उन्होंने बच्चों को सेवा भाव का मंत्र दिया।इस दौरान रोबिन सिंह, कृष्णकांत शर्मा, बृजेश्वर उपाध्याय, भरत गौतम, जानकी देवी, रामेश्वर सिंह चौहान मौजूद रहे।



बरहन के गांव चौकड़ा में संस्कारशाला में बच्चों को भारतीय संस्कृति का पाठ पढ़ाता छात्र बैजनाथ • जागरण



# बाल संस्कारशाला गाँव नयावास में

विद्यालय के छात्र अनीस चौहान एवं अमन पाराशर कक्षा 11 वीं के छात्र द्वारा अपने गॉव में बाल संस्कारशाला संचालित की जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गॉव नयावास जाकर बच्चों को सम्बोधित किया।

**27 नवम्बर 2019**






## बाल संस्कारशाला गाँव नयावास में

विद्यालय की छात्रा शिवानी चौहान द्वारा गत वर्ष से अपने गॉव में बाल संस्कारशाला संचालित की जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गॉव नयावास जाकर लोगों को सामाजिक बुराई से दूर रहने का आवाहन किया छात्रों को पुरस्कृत कर बच्चों को प्रोत्साहन हेतु टॉफी और फल वितरित किये।

**29 नवम्बर 2019**







## बाल संस्कारशाला गाँव खड्गपुर में

छात्र रंजीत कुमार 11वीं द्वारा बाल संस्कारशाला चलाई जा रही है। गॉव खड्गपुर संस्कारशाला में व्यवस्थित दैनिक दिनचर्या के बारे में बताया जा रहा था। प्रधानाचार्या द्वारा छात्रों को प्रेरणादायक उदबोधन दिया।

**14 दिसम्बर 2019**



**संक्षिप्त समाचार**

### संस्कारशाला का किया निरीक्षण, छात्रों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**आगरा, आवलखेड़ा।** शनिवार को श्री दान कुँवरि इंटर कॉलेज के छात्राओं द्वारा चलाई जा रही संस्कारशाला का कॉलेज के स्टाफ ने निरीक्षण किया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा शिक्षक बृजेश और उपाध्याय कृष्णकांत धर्मेंद्र यादव प्रमुख रूप से रहे। आवल खेड़ा के गांव खड़कपुर के छात्र रंजीत शर्मा ने गायत्री शक्तिपीठ से प्रशिक्षण प्राप्त कर पिछले 1 साल से संस्कारशाला चला रहा है। वही खड़गपुर की छात्रा शीतल चौधरी एवं पुष्पेंद्र चौधरी द्वारा भी पिछले 6 माह से संस्कारशाला चलाई जा रही है।धानाचार्य डॉ ममता शर्मा ने गांव जाकर छात्रों को सम्मानित किया एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही छात्रों को फल वितरित किए। खड़गपुर संस्कारशाला में व्यवस्थित दैनिक दिनचर्या के बारे में पढ़ाया जा रहा था साथ ही गांव गढ़ी देर में विद्यालय के छात्रों द्वारा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के बारे में जानकारी दी जा रही थी। इस दौरान प्रधानाचार्य द्वारा इन छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## बाल संस्कारशाला गाँव गढी डहर में

गॉव गढी डहर बाल संस्कारशाला में छात्रा शीतल चौधरी एंव पुष्पेन्द्र चौधरी द्वारा भारतीय संस्कृति की जानकारी दी जा रही थी।

प्रधानाचार्या ने बच्चों को संस्कार शाला में नियमित आने के लिये प्रेरित किया एंव फल वितरित किये।

**14 दिसम्बर 2019**






### संस्कारशाला का किया निरीक्षण

**आंवलखेड़ा।** दान कुंवरि इंटर कॉलेज के छात्राओं द्वारा संचालित संस्कारशाला का प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा, शिक्षक बृजेश उपाध्याय कृष्णकांत, धर्मेंद्र यादव ने निरीक्षण किया। आंवलखेड़ा के गांव खड़कपुर के छात्र रंजीत शर्मा गायत्री शक्तिपीठ से प्रशिक्षण प्राप्त कर पिछले एक साल से संस्कारशाला चला रहे हैं। खड़गपुर की छात्रा शीतल चौधरी एवं पुष्पेंद्र चौधरी भी पिछले संस्कारशाला को संचालित कर रहे हैं।

# बाल संस्कारशाला गाँव उस्मानपुर में

विद्यालय के 11वीं छात्र अरूण चौहान द्वारा संचालित संस्कार शाला का विद्यालय की प्रधानाचार्या ने निरीक्षण किया तथा बच्चों को नियमित आने के लिये प्रेरित किया। 22 जनवरी 2019








# सत्र 2020–2021

# बाल संस्कारशाला प्रशिक्षण







## **गांव रूपधनू**

सिद्धार्थ चौहान द्वारा संचालित की गयी, बाल संस्कारशाला में **प्रधानाचार्या ने** भ्रमण कर संस्कारशाला के बच्चों को सम्बोधित किया। दि. 23 दिसंबर 2020





## गांव खाण्डा

करन कुमार द्वारा संचालित की जा रही, बाल संस्कारशाला में **प्रधानाचार्या ने निरीक्षण** कर संस्कारशाला के बच्चों को सम्बोधित किया।

दि. 24 दिसंबर2020





# गांव खाण्डा

खुशबू द्वारा संचालित की जा रही, बाल संस्कारशाला में प्रधानाचार्या द्वारा गॉव परिहार जाकर छात्रा को सम्मानित एंव प्रोत्सहित किया गया।

22 **जनवरी** 2021



## बाल संस्कारशाला का महत्व बताया

**बरहन।** दान कुंवर इंटर कॉलेज आंवलखेड़ा में सोमवार को बाल संस्कार शाला के संचालकों की बैठक हुई। प्रधानाचार्य डॉ. ममता शर्मा ने संस्कारशाला का महत्व बताया गया। मार्गदर्शिका पुस्तिका का वितरण किया। बताया कि यह 15 गांवों में चलाई जा रही है। मौके पर रोबिन सिंह, बृजेश्वर उपाध्याय, धर्मेंद्र यादव, शैलेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे। संवाद






## गांव नगला दयाली

कामिनी तोमर द्वारा संचालित की जा रही, **विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा गॉव जाकर छात्रा को प्रोत्सहित एंव** बच्चों को सम्बोधित किया।

06 फरवरी 2021






# बाल संस्कारशाला गाँव खॉण्डा

विद्यालय के 11 वीं की छात्रा क्षमा यादव द्वारा अपने गॉव में बाल संस्कारशाला चलाई जा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गॉव जाकर अपने संवोधन में समाज को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया।

13 फरवरी 2021

## बाल संस्कारशाला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संसू, बरहन: गांव खांडा में शुक्रवार को एक दिवसीय बाल संस्कारशाला का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ श्रीदान कुंवर इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डा. ममता शर्मा ने किया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे गए। संस्कारशाला का संचालन कक्षा 11 की छात्रा क्षमा यादव ने किया। प्रधानाचार्य ने ग्रामीणों से संस्कारशाला में सहयोग करने की अपील की। जय नरायन यादव, नरेंद्र पुंडीर, शिक्षक रोबिन सिंह, कृष्णकांत शर्मा, बृजेश्वर उपाध्याय, खुशबू, कामिनी, सरस्वती, नीलम आदि मौजूद रहे।



बरहन में आयोजित बाल संस्कारशाला में विचार व्यक्त करती डा. ममता शर्मा ● जागरण

## बाल संस्कारशाला में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



दैनिक वरदान संवाददाता

बरहन। थाना बरहन के गावँ खांडा में एकदिवसीय बाल संस्कारशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ श्री दान कुँवरि इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ ममता शर्मा ने किया। संस्कार शाला में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपनी प्रतिभायें दिखाई। गावँ खांडा में संस्कार शाला कक्षा 11 की छात्रा क्षमा यादव नियमित संचालित कर रही है। इस अवसर पर डॉ ममता शर्मा ने ग्रामीणों से संस्कार शाला के विकास में सहयोग की अपील की। जय नरायन यादव व नरेंद्र पुंडीर ने संस्कार शाला के विषय में अपने विचार रखे। वरिष्ठ शिक्षक रोबिन सिंह ने संस्कार शाला का महत्व बताया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम में कृष्णकांत शर्मा, धर्मेंद्र यादव, बृजेस्वर उपाध्याय, खुशबू, कामिनी, सरस्वती, नीलम आदि उपस्थित रहे।

## बाल संस्कारशाला गाँव महावतपुर

विद्यालय के 11वीं की छात्रा दीप शिखा रावत द्वारा अपने गॉव में बाल संस्कारशाला चलाई जा रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने गॉव जाकर छात्रा को सम्मानित, प्रोत्सहित एंव संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया।

2 मार्च 2021




**ख़ास ख़बर**

# बाल संस्कारशाला में बच्चों ने दिया आदर्श नागरिक बनने का संदेश



**बरहन/गौरव शर्मा।** थाना बरहन के गावँ महावतपुर में एकदिवसीय बाल संस्कारशाला का आयोजन किया गया।जिसका निरीक्षण श्री दान कुँवरि इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ ममता शर्मा ने किया।संस्कार शाला में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपनी प्रतिभायें दिखाई।गावँ महावतपुर में संस्कार शाला विद्यालय की छात्रा दीपशिखा रावत नियमित संचालित किया गया।संस्कारशाला में छात्रों के अंदर नैतिक मूल्यों का उन्नयन एवं आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया।इस संस्कारशाला के माध्यम सेबच्चों में सहयोग,दया,करुणा,धैर्य, अनुशासन, साहस आदि गुणों का समावेश करना है।इस अवसर पर डॉ ममता शर्मा ने ग्रामीणों से संस्कार शाला के विकास में सहयोग की अपील की।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार बांटे गए।कार्यक्रम में प्रवीन शर्मा,धर्मेंद्र यादव,बृजेस्वर उपाध्याय व ग्रामवासी देव शर्मा, विजय रावत आदि उपस्थित रहे।



कामिनी कक्षा 11

गॉव नगला दयाली में संचालित बाल संस्कारशाला





करन कुमार कक्षा 11

गॉव खॉण्डा में बाल संस्कारशाला






खुशबू कक्षा 11

गॉव खॉण्डा में संचालित बाल संस्कारशाला

**योग क्रिया**







अमित परमार कक्षा 11

गॉव उस्मानपुर में संचालित बाल संस्कारशाला

योग क्रिया






अबधेश चौहान कक्षा 11

गॉव गढी रामबक्श में संचालित बाल संस्कारशाला

**योग किया**





सपना कुशवाह कक्षा 11

गॉव ऑवलखेड़ा में संचालित बाल संस्कारशाला





पूनम गुर्जर कक्षा 11
गॉव उस्मानपुर में संचालित बाल संस्कारशाला
योग क्रिया





दीपशिखा रावत कक्षा 11

गॉव महावतपुर में संचालित बाल संस्कारशाला





बबली बघेल कक्षा 11

गॉव शेरखॉ में संचालित बाल संस्कारशाला





शिवानी राजपूत कक्षा 11

गॉव उस्मानपुर में संचालित बाल संस्कारशाला







महक कक्षा 11

गॉव बहरामपुर में संचालित बाल संस्कारशाला

योग क्रिया





आकांक्षा कक्षा 11

में संचालित बाल संस्कारशाला

योग क्रिया






## योगेश कुमार कक्षा 11
## गॉव परिहार में संचालित बाल संस्कारशाला





**बाल संस्कार शाला गाँव परिहार में–**

विद्यालय की पुरातन छात्रा ज्ञानवती द्वारा गत दो वर्षों से अपने गॉव में बाल संस्कार शाला संचालित









## छात्र छात्राओं को पुस्तक का वितरण

**संसू, बरहन :** आंवलखेड़ा के दानकुंवरि इंटर कालेज में सोमवार को बैठक हुई। इसमें प्रधानाचार्य डा. ममता शर्मा ने अभिभावक व समाजसेवियों को बाल संस्कारशाला का महत्व समझाया। बैठक में छात्र–छात्राओं को मार्गदर्शिका पुस्तक का भी वितरण किया गया। यहां रोबिन सिंह, बृजेश्वर उपाध्याय, धरवेंद्र यादव, शैलेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में बाल संस्कार शाला चलाने वाली छात्र छात्राओं को मार्गदर्शिका पुस्तक की वितरण।

**बरहन।(राष्ट्रीय प्रसार )।** आँवलखेड़ा स्थित दान कुँवरि इंटर कॉलेज में सोमवार को बाल संस्कार साला हेतु अभिभावकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक व समाजसेवी मौजूद रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित



करते हुए बाल संस्कार शाला में महत्व को समझाया इस कार्य में लगे बच्चों का सहयोग करने का आश्वासन मांगा वहीं अभिभावकों को भी छात्र छात्राओं के साथ सहयोग करने को कहा गया । लगभग 15 गांव में सफलतापूर्वक चलने वाली बाल संस्कार शाला के लोगों ने इस को सराहनीय कदम बताया। विद्यालय परिसर में प्रतिमाह जागरूकता संबंधी कार्यक्रम अक्सर किए जाते हैं जिन पर समाजसेवियों तथा प्रतिष्ठित लोगों को विशेष रुप से मुख्य अतिथि के रुप में बुलाया जाता है आयोजन में प्रधानाचार्य डॉ ममता शर्मा, रोबिन सिंह, बृजेश्वर उपाध्याय , धरवेंद्र यादव, शैलेंद्र चौधरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# जागरूकता रैली निकाल कर दिया संदेश




दैनिक वरदान।गौरव शर्मा

बरहन।थाना बरहन के गावँ आँवलखेड़ा स्तिथि श्री दान कुँवरि इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाल कर नुक्कड नाटक का मंचन किया गया।सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में श्री दान कुँवरि इंटर कालेज के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली व नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के लिए जागरूक किया।नाटक का मंचन रॉबिन सिंह के मार्गदर्शन में उपदेश चौहान, मोहन चौहान, गौरी,सिमरन, काजल आदि ने किया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे सभी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें व अपने जीवन से प्रेम करें।कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव, ब्रजेश्वर उपाध्याय, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## स के लक्ष्य के साथ ुग्रीव सिंह चौहान



# बाल संस्कारशाला में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**बरहन(राष्ट्रीय प्रसार )**।थाना बरहन के गावँ खांडा में एकदिवसीय बाल संस्कारशाला का आयोजन किया गया।जिसका शुभारम्भ श्री दान कुँवरि इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ ममता शर्मा ने किया।संस्कार शाला में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपनी प्रतिभायें दिखाई।गावँ खांडा में संस्कार शाला कक्षा 11 की छात्रा क्षमा यादव नियमित संचालित कर रही है।

## एक प्रयास





# धन्यवाद!